Bharat Temples

# चलेंगे सांवरे से मिलने

दिल ने ये कहा है दिल से चलेंगे साँवरे से मिलने,
किया है याद बाबा ने जाना है हमें खाटू,
मिलेंगे श्याम से चलके नहीं है दिल पे काबू,
फुर्सत भी है मौका भी खाटू कल ही जाऊँगा,
जय जय श्री श्याम……….

दिल के अंदर है लगता, पल पल है,
मुझको एहसास है साथ रहता है,
ऐसा लगता है वो मेरे साथ है,
जय जय श्री श्याम,
इधर या मैं उधर मैं देखु,
साँवरा है जिधर देखूं,
चाहे मैं जहाँ जाऊं,
बाबा को वहां पाऊं,
फुर्सत भी है मौका भी,
खाटू कल ही जाऊँगा,
जय जय श्री श्याम……….

मेरी आँखों में मेरी यादों में,
है बसा साँवरा उसके दर्शन को,
मेरा तन मन ये हो गया बाँवरा,
जय जय श्री श्याम……..

बाबा से लगन ऐसी लगी है अब ना टूटेगी,
बँधी जो डोर बाबा से नहीं वो डोर टूटेगी,
चाहे मैं जहाँ जाऊं बाबा को वहां पाऊं,
फ़ुर्सत भी है मौका भी खाटू कल ही जाऊँगा,
जय जय श्री श्याम..........

Source: https://www.bharattemples.com/chalenge-sanware-se-milne/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw